# सीता माता मंदिर के लिए हर घर से पत्थर और मिट्टी लेने का संकल्प : त्रिवेंद्र सिंह

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
एक ओर जहां अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बन रहा है वहीं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत की प्रेरणा से उत्तराखंड में सीता माता मंदिर बनाने का निर्णय लिया गया है।
पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत की प्रेरणा से ऐतिहासिक सीतामाता परिपथ (सर्किट) की तीन दिवसीय पदयात्रा का 24 नवम्बर को सफलतापूर्वक समापन हुआ। यात्रा से त्रिवेंद्र सिंह ने 21 नवंबर को कोटद्वार स्थित सिद्धबली मंदिर में बजरंगबली की पूजा अर्चना कर इस ऐतिहासिक यात्रा की कुशलता के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया।



पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र ने संकटमोचन बजरंगबली से उत्तरकाशी, सिलक्यारा टनल में फंसे मजदूरों के सकुशल बाहर आने के लिए भी प्रार्थना की। कोटद्वार से देवप्रयाग होते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने मां गंगा और भगवान रघुनाथ की पूजा अर्चना की और सीतामाता सर्किट पदयात्रा प्रारंभ की। पदयात्रा में सियाराम के नाम की धुन गूंजती रही। पदयात्रा रघुनाथ मंदिर से होते हुए विदाकोटी- सीताकोटी और पहले पढ़ाव मुछियाली में ठहरी।
सीतामाता सर्किट पदयात्रा के द्वितीय दिवस 23 नवम्बर को सीतामाता मंदिर, मुछियाली में पूर्व सीएम ने भक्तजनों के साथ पूजा अर्चना कर माता सीता का आशीर्वाद लेकर कर लक्ष्मण मंदिर देवल के लिए प्रस्थान किया। देवल स्थित प्रसिद्ध लक्ष्मण मंदिर यात्रा पहुँचने पर उसका जोरदार स्वागत हुआ।
पदयात्रा के अंतिम दिवस 24 नवम्बर को पूर्व सीएम ने भक्तजनों के साथ मिलकर लक्ष्मण मंदिर, देवल में दर्शन एवं पूजा अर्चना की। इसके बाद वाल्मीकि मंदिर कोटसाड़ा से मंसार मेला व सीतामाता समाधि स्थल फलस्वाड़ी पहुंचे।
पदयात्रा के दौरान जिन जिन मंदिरों में पूजा अर्चना की गई सभी में उत्तरकाशी, सिलक्यारा टनल में फंसे मजदूरों के सकुशल बाहर आने के लिए भी प्रार्थना की गई। यात्रा मंसार मेला व सीतामाता समाधि स्थल फलस्वाड़ी पहुंची सभी ने जोरों सोरों से बड़े ही उत्साह और सिया राम के नोरों से स्वागत किया। हजारों लोग इस पदयात्रा के साक्षी बने। पदयात्रा जहा जहां से होकर गुजरी ग्रामीणों ने सियाराम के नारों से भक्तजनों का उत्साह बढ़ाया और यात्रा के सहभागी बने।

# आपदा में अवसर और श्रेय लेने की होड़ में भाजपा नेता : करन माहरा

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने सिलक्यारा सुरंग रेस्क्यू कार्यों में देरी पर सरकार को घेरते हुए कहा कि भाजपा नेता श्रेय लेने की होड़ लगे हुए हैं। भाजपा आपदा में अवसर तलाश रही है।
कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने सोशल मीडिया पर जारी एक पोस्ट में कहा है कि राज्य के मुख्यमंत्री मीडिया में छाए रहने के लिए और आपदा में अवसर तलाशते हुए और हर जगह "मैं-मैंने" का श्रेय लेने की होड़ में सिलक्यारा टनल के बाहर "अस्थाई मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय" उत्तरकाशी के मातली में बनकर बैठा हो और वहीं से उत्तराखंड में 2 लाख करोड़ रुपये का निवेश जुटाने का दावा कर



रहा हो। पूंजीपतियों को "सुलभ और सुरक्षित" निवेश के लिए "उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट"- 2023 के लिए आमंत्रित कर रहा हो तो भाजपा नेताओं की इन करगुजारियों, लापरवाहियों और नाकामियों को लेकर उत्तराखंड में कितना निवेश आएगा। कितने उद्योग लगेंगे, कितना रोजगार आएगा, यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।
मुख्यमंत्री के दावों पर प्रश्न खड़े करते हुए कहा कि विषम भौगोलिक परिस्थितियों वाले हिमालयी राज्य उत्तराखंड का भूगोल और भूविज्ञान ऐसा है कि इस क्षेत्र में हर वर्ष निरंतर प्राकृतिक उथल-पुथल की घटनाएं अपरिहार्य हैं। ऐसे में तथाकथित "ऑल वेदर रोड"की लचर कार्य योजना, बिना एस्केप पैसेज के सुरंगों का निर्माण, आपातकालीन सुरक्षा ह्यूम पाइप बगैर, गुणवत्ताहीन निर्माण सामग्री के कारण जहां निर्माणधीन सुरंग धंस जा रही है।
आज 14वें दिन तक भी मजदूर और कर्मचारियों की सुरक्षित निकासी का कोई ओर-छोर सरकार को नहीं समझ आ रहा हो।

## गुरुकुल के छात्र से कुश्ती में जीता कांस्य

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
गुरुकुल कांगडी सम विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभागान्तर्गत समविश्वविद्यालय के छात्र गौरव चौधरी ने उत्तर क्षेत्र अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर समविश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। टीम के कोच सुनील कुमार और मैनेजर कुलदीप रतूड़ी ने बताया कि समविश्वविद्यालय कुश्ती (ग्रीको रोमन) टीम के सदस्य गौरव चौधरी ने प्रतिद्वंदी चण्डीगढ़ विश्वविद्यालय के पहलवान को 8-0 के अंक से शिकस्त देते हुए कांस्य पदक हासिल किया है। कांस्य पदक विजेता खिलाड़ी गौरव चौधरी को समविश्वविद्यालय कुलपति प्रो. सोमदेव शतान्शु, डॉ. बबलू वेदालंकार ने बधाई दी।

# उत्तराखंड : आईएमए के विशेष सूची के 49 अधिकारी कैडेटों का पिपिंग समारोह

**परीक्षा**

**8 49 अधिकारी कैडेटों ने भारतीय सैन्य अकादमी देहरादून, उत्तराखंड के प्रतिष्ठित पोर्टल से परीक्षा की**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
विशेष सूची- 36 प्रशिक्षण के 49 अधिकारी कैडेटों ने शनिवार को भारतीय सैन्य अकादमी देहरादून, उत्तराखंड के प्रतिष्ठित पोर्टल से परीक्षा की। विशेष सूची-36 प्रशिक्षण के उत्तीर्ण होने पर पिपिंग समारोह का आयोजन किया गया। वैसे पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण होने के बाद पिपिंग समारोह महत्वपूर्ण अवसरों में से एक अवसर माना



जाता है जिसे मील का पत्थर माना जाता है। भारतीय सैन्य अकादमी के मेधावी सैनिकों की आकांक्षाएं इसी परीक्षा पर लगी रहती हैं। इन जैंटेलमेन कैडेटों को भारतीय सैन्य आकदमी के कार्यवाहक कमांडेंट मेजर जनरल आलोक जोशी ने प्रशिक्षुओं को संबोधित किया और उन्हें निस्वार्थ भाव से अपनी मातृभूमि की सेवा करने के लिए प्रोत्साहित किया।
प्रशिक्षित सैनिकों के रूप में कुछ वर्षों तक भारतीय सेना में सेवा करने के बाद, अधिकारी कैडेटों का अनुशासन और आचरण दोनों सराहनीय होता है।
आईएमए में अपने प्रशिक्षण के दौरान, अधिकारी कैडेटों को संरचित प्रशिक्षण दिया गया। कमीशनिंग के बाद योग्य अधिकारी बनने के लिए आवश्यक आत्मविश्वास और कौशल देने के लिए सभी पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करने के लिए डिजाइन किया गया है। वे अब विश्व की सर्वश्रेष्ठ सेनाओं में से एक में सौंपी जाने वाली बढ़ी हुई जिम्मेदारियों को संभालने के लिए पूरी तरह से प्रेरित और उपयुक्त रूप से तैयार हैं।
शनिवार को कमीशन किए जा रहे स्पेशल लिस्ट कोर्स-36 के अधिकारी कैडेटों ने खुद को, अपनी पलटन और अपने प्रशिक्षकों को गौरवान्वित किया है। दो सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षुओं ओसी मनोज सिंघा और ओसी संजीव कुमार को क्रमशः कमांडेंट स्वर्ण पदक और रजत पदक से सम्मानित किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### -देहरादून में दिल्ली अपोलो अस्पताल के विशेषज्ञों ने अत्याधुनिक चिकित्सा को किया साझा

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
देश के आखिरी छोर तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की पहल के तहत इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्टिल्स के विशेषज्ञों ने देहरादून में अत्याधुनिक चिकित्सा की जानकारियां साझा कीं। इस दौरान विशेषज्ञों ने कॉस्मेटिक और प्लास्टिक सर्जरी की उन क्षमताओं के बारे में बताया जिनके जरिए ऑपरेशन करा चुके कैंसर रोगियों को पहले की तरह काफी हद तक वापस लाया जा सकता है जो एक मरीज के लिए यह किसी चमत्कार से कम भी नहीं है। देहरादून में इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल्स की ओर से आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में डॉक्टर और स्थानीय लोग मौजूद रहे। इस दौरान कार्यक्रम का नेतृत्व नई दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल के कॉस्मेटिक और प्लास्टिक सर्जरी विभाग के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. कुलदीप सिंह ने किया। यह कार्यक्रम कॉस्मेटिक और प्लास्टिक सर्जरी के उपचार को बढ़ावा देने के लिए संकेतों और लक्षणों, उपचार के तौर-तरीकों और नैदानिक परीक्षणों पर केंद्रित था।
नई दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल के कॉस्मेटिक और प्लास्टिक सर्जरी विभाग के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. कुलदीप सिंह ने कहा, पिछले कुछ साल से दिल्ली अपोलो अस्पताल में वह कॉस्मेटिक और प्लास्टिक सर्जरी के चुनौतीपूर्ण मामले देख रहे हैं जिन्हें उन्नत इलाज और देखभाल से ठीक किया गया। डॉ. कुलदीप सिंह ने यह भी कहा कि जब हम कॉस्मेटिक और प्लास्टिक सर्जरी पर चर्चा करते हैं तो जानते हैं कि लोग अक्सर न केवल भयभीत होने लगते हैं, बल्कि इसके उपचार को लेकर भ्रांतियों पर भरोसा भी करते हैं। एक डॉक्टर होने के नाते वह स्वयं सालों से चिकित्सा के क्षेत्र में आ रहे बदलावों और उनके प्रभावों को देख रहे हैं जिसके आधार पर यह कह सकते हैं कि इस चिकित्सा के जरिए मरीज को न सिर्फ बीमारी से पहले जैसा जीवन देने की कोशिश की जाती है बल्कि उसे मानसिक तौर पर सुकून भी देने का प्रयास रहता है। अगर लोग भ्रांतियों पर यकीन करेंगे तो इसका सीधा नुकसान मरीज के जीवन पर होगा। इलाज में देरी और अन्य कारणों के चलते मरीज के जीवन की गुणवत्ता से समझौता कर सकते हैं। इसलिए न सिर्फ आम नागरिक बल्कि चिकित्सक वर्ग में भी जागरुकता लाना जरूरी है क्योंकि जब हम आखिरी छोर पर बैठे व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का प्रयास करते हैं तो वहां स्थानीय डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मचारियों की भूमिका भी अहम हो जाती है। उन्होंने कहा कि आज चिकित्सा के क्षेत्र में मरीजों की देखभाल के लिए नई तकनीकें सामने आ रही हैं। इसके अतिरिक्त, समुदाय को इस बीमारी के लिए उपलब्ध निवारक उपायों के बारे में सूचित किया जाना भी अहम है।

### ओंकारेश्वर मंदिर में पहुंची मद्महेश्वर की डोली

**गुप्तकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
प्रसिद्ध द्वितीय केदार श्री मद्महेश्वर की चल विग्रह डोली सेना के बैंड के साथ समारोहपूर्वक आज अपराह्न सवा दो बजे को शीतकालीन गद्दीस्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ पहुंची। इस अवसर पर श्री ओंकारेश्वर मंदिर को 10 क्वुंटल फूलों से सजाया गया था। श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति श्रद्धालुओं ने श्री मद्महेश्वर डोली का फूल बरसाकर स्वागत किया। श्री बदरीनाथ- केदारनाथ मंदिर समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने श्रद्धालुओं को श्री मद्महेश्वर की डोली के श्री ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ पहुंचने पर आयोजित मद्महेश्वर मेले की शुभकामनाएं दी हैं। मुख्य कार्याधिकारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि इस वर्ष श्री मद्महेश्वर पहुंचे तीर्थयात्रियों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। 12777 तीर्थयात्री श्री मद्महेश्वर धाम पहुंचे हैं। उल्लेखनीय है कि विगत 24 नवंबर शुक्रवार को केदारनाथ धाम के रावल भीमाशंकर लिंग ने तीन दिवसीय मद्महेश्वर मेले का शुभारंभ किया। आज मेले के दूसरे दिन श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के उपाध्यक्ष किशोर पंवार और मंदिर समिति सदस्य वरिष्ठ तीर्थपुरोहित श्रीनिवास पोस्ती मद्महेश्वर मेले के विशिष्ट अतिथि रहे। इस अवसर पर मंदिर समिति उपाध्यक्ष एवं सदस्यगण को मेला समिति ने अंग वस्त्र स्मृति चिह्न से सम्मानित किया उसके बाद मंदिर समिति पदाधिकारियों ने श्री मद्महेश्वर की डोली के दर्शन किये।आज शनिवार अपराह्न को श्री मदमहेश्वर जी की डोली के शीतकालीन गद्दीस्थल पहुंचने से पहले रावल भीमांशंकर सहित कार्याधिकारी आरसी तिवारी ने मंगलचौंरी ब्राह्मणखोली पहुंचकर भगवान मद्महेश्वर जी की चल विग्रह डोली का स्वागत किया।

# संस्कृत की दुर्दशा पर महाविद्यालयों के शिक्षक भड़के, ज्ञापन भेजा



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
संस्कृत को द्वितीय राजभाषा बनाने के बाद भी संस्कृत महाविद्यालयों की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। इस बारे में संस्कृत महाविद्यालय प्रांतीय संघ के अध्यक्ष डा. रामभूषण बिजल्वाण, प्रांतीय संयोजक डॉ. संतोष मुनि और महासचिव डॉ. नवीन पंत के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, संस्कृत शिक्षा मंत्री, मुख्य सचिव, सचिव, कुलपति उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय और निदेशक संस्कृत शिक्षा को ज्ञापन भेजा।
इस संबंध में महाविद्यालय के पदाधिकारियों ने शनिवार को प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता कर मीडिया के सामने अपनी समस्याएं रखीं। उन्होंने प्रेषित अपने तीन पृष्ठीय ज्ञापन में कहा है कि स्वतंत्रता के 75 वर्षों बाद भी देवभूमि उत्तराखंड में ब्रिटिश काल से पोषित संस्कृत विद्यालय, महाविद्यालय अन्य विद्यालयों के समकक्ष मुख्य धारा में आने की लड़ाई लड़ रहे हैं। सनातन संस्कृति को बचाने वाली भाजपा के कार्यकाल में ही इन संस्थानों का स्तर घटा दिया गया है। पांच दशकों से कोई नया पद सृजित नहीं हुआ है। कक्षा 6 से स्नातकोत्तर तक महज दो से तीन पद सृजित है जबकि सैकड़ों छात्र इन महाविद्यालयों में अध्ययनरत है।
ज्ञापन में कहा गया है कि उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा विभाग की लापरवाही के कारण समस्याएं और जटिल होती जा रही है, जो शिक्षक जिस पद में सेवा पर आया हुआ है, उसी पद से सेवानिवृत्त हो जाता है और तमाम शिक्षक निम्न मानदेय पर काम कर रहे हैं। सैकड़ों शिक्षकों के भविष्य के लिए कोई ढांचागत सुविधा नहीं है। इससे ज्यादा दुर्भाग्य राजभाषा संस्कृत का क्या हो सकता है। एसोसिएशन द्वारा छह मांगे मांगी गई है, जिनमें 16 एवं 23 अक्टूबर के आदेश को स्थगित करते हुए 17 फरवरी 2021 और 31 वगीर्कृत महाविद्यालयों के इतर सभी शेष सभी संस्कृत विद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों को मान्यता पूर्व की भांति रखी गई।

## नैनीताल में कार 500 मीटर गहरी खाई में गिरी, 5 के हताहत होने की आशंका

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
जनपद के के कोटाबाग विकास खंड के अंतर्गत दूरस्थ क्षेत्र में एक कार करीब 500 मीटर गहरी खाई में गिरकर चकनाचूर हो गई। इसमें सवार 5 लोगों के हताहत होने की आशंका है। पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी और आपदा राहत बचाव बल मौके की ओर रवाना हो गये हैं, अलबत्ता मौके पर नहीं पहुंच पाये हैं।
नैनीताल के पर्यटन स्थल पंगोट से कालाढूंगी को जाने वाले कच्चे मोटर मार्ग पर मुख्यालय से करीब 40-45 किलोमीटर दूर दिल्ली के पर्यटकों की कार करीब 500 मीटर गहरी खाई में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी।

# गुरु नानक देव की शिक्षाओं से लें प्रेरणा: अनिता ममगांई

**गुरु पर्व**

**8 -नगर कीर्तन में महापौर ने सहभागिता कर शहरवासियों को दी गुरु पर्व की बधाई**

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
सिखों के प्रथम गुरु नानकदेव के प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा सिंह सभा की ओर से भव्य नगर कीर्तन बैण्ड बाजों के साथ धूमधाम से निकाला गया। विभिन्न जगहों पर लोगों ने पुष्पवर्षा कर नगर कीर्तन का स्वागत किया। इस दौरान पंजाब से आई गतका पार्टी की ओर से तलवारबाजी व विभिन्न करतब प्रस्तुत किए गए।
शनिवार को रेलवे मार्ग स्थित सिंह सभा गुरुद्वारा से पंच प्यारों की अगुआई में शुरू हुए नगर कीर्तन में नगर निगम महापौर अनिता ममगांई ने भी सहभागिता कर शहरवासियों को गुरु पर्व की बधाई दी। उन्होंने गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी पर पुष्प वर्षा के उपरांत कहा कि गुरुनानक देव महाराज एक महान व्यक्तित्व के स्वामी थे, जिन्होंने समाज को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने का काम किया था। उनकी शिक्षाएं हमारे लिए प्रेरणा स्त्रोत का काम कर रही है। उन्होंने सभी को एक समान समझा व लोगों को आपस में प्रेम से रहने का संदेश दिया।



# पैराग्लाइडिंग से युवाओं को मिलेंगे अवसर-विधायक नेगी

**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
टिहरी एक्रो फेस्टिवल 2023 के दूसरे प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी बतौर अतिथि पैराग्लाइडरों के बीच पहुंचे। इस मौके पर विधायक नेगी ने विदेश पैराग्लाइडरों के साथ पैराग्लाइडिंग कर साहसिक रोमांच का आनंद लिया। विधायक नेगी ने आईटीबीपी की 8वीं वाहिनी की हत्यारों की प्रदर्शनी का भी मुआयना किया।
टिहरी एक्रो फेस्टिवल 2023 में पहुंचे विधायक नेगी ने कहा कि इस तरह के साहसिक खेलों के आयोजन से टिहरी व टिहरी झील का नाम दुनिया में जायेगा और यहां के युवाओं को साहसिक खेलों में अवसर मिलेंगे। उन्होंने



प्रदेश सरकार से इस आयोजनों की निरंतरता यहां पर बनाये रखने की मांग भी की। विधायक ने पैराग्लाइडर पायलट टर्की के बरकी के साथ प्रतापनगर से उड़ान भरकर कोटी कालोनी में लैडिंग कर साहसिक रोमांच का भरपूर आनंद लिया।
उन्होंने कहा कि प्रताप नगर को पर्यटन क्षेत्र के रूप मैं विकसित किया जाना चाहिए । प्राकृतिक सौंदर्य से ओत-प्रोत प्रताप नगर जो एक ऐतिहासिक जगह भी है। यहां पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। इसे रोजगार से जोड़ते हुए पर्यटक स्थल बनाये जाने की जरूरत है। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार मिल सकेगा। फेस्टिवल में पहुंचने पर साहसिक पर्यटन अधिकारी सोबत सिंह राणा व कर्नल अश्वनी पुंडीर ने विधायक विक्रम सिंह नेगी का स्वागत किया।
कोटी कालोनी में फेस्टिवल के दौरान विधायक नेगी ने आईटीबीपी की 8वीं वाहिनी गोचर की हथियारों की प्रदर्शनी का मुआयना कर यहां पर लगे आधुनिक हत्यारों की मारक क्षमता के साथ जानकारी लेते हुए युद्ध में इस्तेमाल किए जाने वाले अन्य उपकरणों को भी देखा।

# सिलक्यारा सुरंग हादसा: ऑगर मशीन ने पहाड़ के आगे टेके घुटने, रेस्क्यू टीमों के हौसले बुलंद

**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के उत्तरकाशी के सिलक्यारा निमार्णाधीन सुरंग के रेस्क्यू को लेकर केंद्र और राज्य की विभिन्न एजेंसियां दिनरात काम कर रही हैं, लेकिन ये एजेंसियां 14 दिन बाद भी श्रमिकों को बाहर निकालने में सफलता नहीं पायी हैं। इसका कारण कभी ऑगर मशीन में ड्रिलिंग के दौरान टेक्निकल फाल्ट आना तो कभी मशीन के रास्ते में सुरंग के सरिया, रॉड और मलबा आने के कारण खराबी पैदा होना है। इसके कारण पिछले तीन दिन से श्रमिकों के बाहर निकालने में आज और कल हो रहा है। अब यही सवाल है कि आखिर कब तक सभी श्रमिक सुरंग से सकुशल बाहर आ सकें? इसको लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सिलक्यारा आज फिर पहुंचे और वे सिलक्यारा निमार्णाधीन सुरंग हादसे में रेस्क्यू कर रही सभी एजेंसियों के साथ हाई पावर कमेटी की बैठक कर रहे हैं। इसमें कई वरिष्ठ आला अधिकारी भी मौजूद हैं।
उत्तरकाशी के सिलक्यारा में चल रहे टनल रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा लेने और टनल में फंसे उड़ीसा के श्रमिकों का हाल जानने कल रविवार को उड़ीसा के श्रम व रोजगार मंत्री शारदा प्रसाद नायक सिलक्यारा पहुंचेंगे। उनके कार्यक्रम को उड़ीसा के लेबर मिनिस्ट्री कार्यालय से जारी किया गया है।

**ऑगर मशीन ने पहाड़ के आगे टेके घुटने-**

दुनिया के चौथे सबसे बड़े उत्तरकाशी स्थित सिलक्यारा सुरंग में रेस्क्यू में बीते 14 दिनों से 41 श्रमिकों को निकालने का अभियान जारी है। अमेरिकन ऑगर मशीन से ड्रिलिंग ही श्रमिकों को बाहर निकालने का एक बड़ा सहारा था, लेकिन मशीन के भीतर बार-बार लोहे के टुकड़े फंसने से ड्रिलिंग रोकनी पड़ रही है। बीते शुक्रवार करीब 2 मीटर की ड्रिलिंग के बाद फिर से तकनीकी



परेशानी हो गई यानि कुछ वक्त और लगेगा। अब रेस्क्यू ऑपरेशन में एक रात और खिंच गयी। इसमें दुनिया भर की बेहतरीन मशीन लगाई गई फिर भी पहाड़ के आगे मशीनों घुटने टेक दिए, लेकिन रेस्क्यू ऑपरेशन में लगी टीमों अपने ने घुटने नहीं टेके।

गौरतलब है कि उत्तरकाशी जिला मुख्यालय से लगभग 55 किलोमीटर की दूरी पर स्थित से सिलक्यारा निमार्णाधीन सुरंग का एक हिस्सा बीते 12 नवंबर को ढह गया गया था। इसके बाद से रेस्क्यू टीमें मजदूरों को बाहर निकालने के लिए काम लगातार कार्य में युद्धस्तर पर जुटी हुई हैं।
सबसे पहले सिलक्यारा निमार्णाधीन सुरंग के अंदर ऑक्सीजन का पाइप डाल गया। रेस्क्यू आपरेशन के शुरूआती दौर में इसमें सफलता नहीं मिली तो फिर अमेरिका की ऑगर ड्रिलिंग मशीन मंगवाई गई। कहने का मतलब यह कि पहाड़ में पहाड़ जैसी ही समस्या सामने आ रही है और इस पहाड़ के आगे ऑगर ड्रिलिंग मशीन अपने घुटने टेक दिए। सूत्रों का कहना है कि अब सुरंग के अंदर यानी जहां मजदूर फंसे हैं वहां से 9-10 मीटर मलबा को हटाने की भी तैयारी चल रही है। इसमें मुख्यमंत्री धामी, कई केंद्रीय मंत्री और प्रधानमंत्री मोदी से लेकर पूरा का पूरा अमला इसके रेस्क्यू ऑपरेशन को नजरे लगाए हुए है।
सिलक्यारा सुरंग बचाव अभियान पर अंतरराष्ट्रीय टनलिंग विशेषज्ञ, अर्नोल्ड डिक्स ने बताया कि देश में एक अमेरिकन ऑगर मशीन थी और यह ऑगर (मशीन) टूट गयी है। यह अपूर्णीय क्षति है, लेकिन श्रमिकों को बाहर निकालने के कई विकल्प हैं। यही सिर्फ एक रास्ता नहीं है...। फिलहाल, सब कुछ ठीक है...। यानी इस ऑगर मशीन से और कोई काम नहीं होगा। देश में और कोई नयी ऑगर मशीन भी नहीं है रेस्क्यू आपरेशन में नए घटनाक्रम के अनुसार शुक्रवार को ऑगर मशीन के ब्लेड टूट गए थे और अब ब्लेड बाहर निकालने के प्रयास किए जा रहे हैं।
पहली कोशिश है कि ऑगर मशीन को फिर से तैयार कर शेष सुरंग में पाइप डाला जाए, लेकिन कई बार की कोशिशों के बाद भी रेस्क्यू आपरेशन में जुटी टीम को इसमें सफलता नहीं मिली है। एक बार फिर मशीन को तैयार करने की कोशिश की जा रही है। फिलहाल ड्रिलिंग कल से ठप है और अब वर्टिकल ड्रिलिंग 88 मीटर नीचे तक करने की योजना पर कार्य किया जा रहा है।
मशीन को शीर्ष पर ले जाने की तैयारी चल रही है।
वर्टिकल खुदाई में भी सब कुछ ठीक रहा तो चार से पांच दिन का समय लग सकता है।

**मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हो रही हाई पावर कमेटी की बैठक-**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सिलक्यारा सुरंग हादसे में रेस्क्यू कर रही सभी एजेंसियों के साथ हाई पावर कमेटी की बैठक कर रहे हैं। इसमें कई वरिष्ठ आला अधिकारी भी मौजूद हैं।

